# नोएडा में भारत की पहली टेंपर्ड ग्लास विनिर्माण इकाई

## चर्चा में क्यों?

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिक्स तथा सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्री अश्विनी वैष्णव ने **उत्तर प्रदेश के नोएडा** में **मोबाइल उपकरणों** **के लिये भारत की पहली टेंपर्ड ग्लास विनिर्माण इकाई** का उद्घाटन किया।

## मुख्य बिंदु

- **विनिर्माण इकाई के बारे में:**
  - यह इकाई ऑप्टीमस इलेक्ट्रॉनिक्स (एक भारतीय दूरसंचार तथा विनिर्माण उद्यम) और कॉर्निंग इनकॉर्पोरेटेड, अमेरिका के सहयोग से वैश्विक स्तर पर मान्यता प्राप्त ब्रांड "**इंजीनियर्ड बाय कॉर्निंग**" के तहत उच्च गुणवत्ता वाले टेंपर्ड ग्लास का उत्पादन करेगी।
- **मांग:**
  - यह घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय दोनों बाज़ारों में **मोबाइल फोन के एक प्रमुख सहायक उपकरण,** टेंपर्ड ग्लास की बढ़ती मांग को पूरा करेगी।
  - भारत में टेंपर्ड ग्लास का घरेलू बाज़ार 500 मिलियन यूनिट से अधिक होने का अनुमान है, जिसका खुदरा मूल्य **लगभग 20,000 करोड़ रुपये है,** जबकि वैश्विक बाज़ार 60 बिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का है।
- **निवेश:**
  - इस इकाई के **प्रथम चरण में** 70 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिसकी उत्पादन क्षमता 25 मिलियन यूनिट प्रतिवर्ष होगी, जिससे 600 से अधिक लोगों के लिये प्रत्यक्ष रोज़गार के अवसर सृजित होंगे।
  - **द्वितीय चरण में** क्षमता को बढ़ाकर 200 मिलियन यूनिट प्रतिवर्ष किया जाएगा, जिसके लिये अतिरिक्त 800 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे 4,500 से अधिक प्रत्यक्ष रोज़गार के अवसर सृजित होंगे।
- **महत्त्व:**
  - विगत 11 वर्षों में भारत का इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादन 11.5 लाख करोड़ रुपये तक पहुँच गया है, जिसमें 3 लाख करोड़ रुपये का निर्यात और 2.5 मिलियन रोज़गार सृजित हुए हैं। यह कदम **इलेक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र को सशक्त** बनाने तथा *???-??-???????* पहल को आगे बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indias-1st-tempered-glass-manufacturing-facility-in-noida